मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त




POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20

वर्ष : ०९ | अंक :२८ | मुंबई, शुक्रवार, १९ अप्रैल से २५ अप्रैल २०१९ | पृष्ठ : ४ | कीमत : दो रुपये

## भाजपा–शिवसेना–आर पी आई (ए), रासप महायुति के उम्मीदवार गजानन कीर्तिकर को संजय निरूपम की खुली चुनौती

**संवाददाता**

**मुंबई ।** उत्तर पश्चिम जिला लोकसभा क्षेत्र मे इन दिनों कांग्रेस के उम्मीदवार संजय निरुपम ने बड़े ही जोर-शोर के साथ चुनाव प्रचार और सभा शुरू की है जिसमें जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मैं भाजपा शिवसेना के उम्मीदवार गजानन कीर्तिकर को जनता के बीच खुली चुनौती देते हुए कहा है कि हिम्मत है तो हम दोनों को पिछले ५ साल में किए गए कार्यों और आने वाले ५ साल में योजनाओं और प्रोजेक्ट को लेकर खुली चर्चा जनता के बीच करनी चाहिए, जिससे जनता को पूरी जानकारी मिल सके कि किसने कितना काम किया है? किसे वोट दें, कि नहीं यह फैसला खुलेआम जनता के बीच होनी चाहिए। श्री निरुपम ने कहा कि कीर्तिकर स्थान आप तय करें मैं वहां जरूर आऊंगा, संजय निरुपम ने भाजपा-शिवसेना उम्मीदवार कीर्तिकर पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि यह लोकसभा क्षेत्र की एक भी समस्या खत्म नहीं किया है। ५ वर्ष के अंदर ना एक डीपी रोड खोला नहीं जिससे मालाड कुरार की ट्रैफिक समस्या चरम सीमा पर बनी रही.

(शेष पृष्ठ ४ पर)










## कांग्रेसी उम्मीदवार उर्मिला मातोंडकर को हराने के कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने तैयार किया मास्टर प्लान?

### मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष संजय निरुपम के हटते ही उत्तर मुंबई में कांग्रेस के दो गुट

### मिलिंद देवड़ा गुट यूपी-बिहार के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की कटनी-छटनी किया शुरू, कार्यकर्ताओं में आक्रोश

**मुंबई :** मुंबई उत्तर मुंबई जिला के लोक सभा कांग्रेस की उम्मीदवार उर्मिला मातोंडकर के चुनावी रैली में कांग्रेस के दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है कांग्रेस के विश्वसनीय सूत्रों ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया है कि बेसिक के जिला अध्यक्ष संजय निरुपम के मुंबई अध्यक्ष पद से हटते ही मनमानी करना शुरू कर दिया है और जिला अध्यक्ष की मनमानी को देखकर मुंबई कांग्रेस के जनरल सेक्रेट्री जो मुंबई छोड़कर उत्तर मुंबई जिला में कांग्रेस को दो गुटों में बांटने में लगे है कई कार्यक्रमों में देखने को मिला है बेसिक कांग्रेस और कांग्रेस के फ्रंटल

(शेष पृष्ठ ४ पर)







## उत्तर मुंबई जिला राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय गोपाल शेट्टी सब पर भारी!

**मंजू तिवारी**

**मुंबई ।** आगामी लोकसभा चुनाव में मुंबई का उत्तर मुंबई जिला राजनैतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन चुका है। एक तरफ भाजपा ने गोपाल शेट्टी को पुनः टिकट दिया है, तो दूसरी ओर काँग्रेस ने रंगीला गर्ल उर्मिला मातोंडकर के प्रत्याशी के रुप में मैदान में उतारा है। इसी सीट पर पिछले लोकसभा चुनाव में गोपाल शेट्टी ने काँग्रेस प्रत्याशी संजय निरुपम को ४,४६,५८२ वोटों से हराकर जीत हासिल की थी।

अपने राजनैतिक सफर में गोपाल शेट्टी ने दो बार आमदार व एक बार लोकसभा जीत हासिल की है। गोपाल शेट्टी के कुशल राजनीतिक तजुर्बे के चलते उर्मिला मातोंडकर को यह सीट जिताना लोहे के चने चबाना साबित हो सकता है। गौरतलब है कि २००४ में लगातार इसी सीट से जीत रहे पूर्व पेट्रोलियम मंत्री राम नाईक को हराने के लिए अभिनेता गोविंदा आहूजा को काँग्रेस ने टिकट देकर उतारा था। पर काँग्रेस का यह दाव इस बार कितना सही उतरता है? यह चर्चा का विषय बना हुआ है।




सर्वे की मानें तो गोपाल शेट्टी की लोकप्रियता उत्तर मुंबई में काफी है। अपने विकास कार्यों के चलते २०१७ में हुए मनपा चुनाव में पार्टी के कई कार्पोरेटर जिता के दिए हैं।

काँग्रेस को स्थानीय दमदार प्रत्याशी न मिलने पर यह टिकट उर्मिला मातोंडकर को दी गई है, इस तरह के चर्चे से काँग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता दिख रहा है। सूत्रों की मानें तो इस सीट से उर्मिला मातोंडकर को टिकट दिये जाने से कार्यकर्ताओं में आपसी कलह भी बनी हुई है।

एक तरह मोदी लहर के साथ-साथ गोपाल शेट्टी के विकास कार्यों को देखते हुए सभी धर्मों के लोगों का सहयोग गोपाल शेट्टी को मिल रहा है। जिसका डर सीधे-सीधे काँग्रेसी कार्यकर्ताओं के चेहरे पर देखने को मिल रहा है। अब देखना यह है कि उर्मिला मातोंडकर पार्टी के विश्वास पर कहां तक खरी उतरती हैं?

आगे मुंबई भाजपा प्रवक्ता संजय ठाकुर ने कहा कि गोपाल शेट्टी इस बार ७ लाख वोट से जीतेंगे और केंद्र में मोदी जी ३०० सीटें पार करेगे क्योंकि मोदीजी ने काम किया है, उत्तर मुंबई जिला में गोपाल शेट्टी ने काम किया है, जनता को पूरा भरोसा है कि काम करने वालों को वोट देंगे और उर्मिला आई है, फिर चली जाएंगी लेकिन गोपाल शेट्टी उत्तर मुंबई जिला के बोरिवली इलाके में ही मिलेंगे।

## मुंबई में उत्तर भारतीयों की रहेगी चुनाव में निर्णायक भूमिका



राम कुमार पाल

### गजानन कीर्तिकर के स्वरूप में हम सब मोदी सरकार को देख रहे हैं - राम कुमार पाल




### पिछले ५ वर्षों में मुस्लिम समुदाय की उन्नति प्रगति अहम मिसाल है - राजेश मिश्रा



राजेश मिश्रा

**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई ।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की और आसपास की ४ लोकसभा सीटों का चुनाव परिणाम महाराष्ट्र की राजनीति काफी मायने रखता है मुंबई की ६ सीटों पर करीब ९५००००० मतदाता इसके करीब २२००००० उत्तर भारतीय वोटर निर्णायक भूमिका निभाएंगे इसमें ज्यादातर उत्तर प्रदेश बिहार झारखंड के हैं २०१९ के लोकसभा चुनाव में उत्तर भारतीय समाज अपने पक्ष में करने के लिए सभी दलों ने कोशिश की है कई वर्षों तक मुंबई में कांग्रेसका परंपरागत वोटर रहा उत्तर भारतीय समाज २०१४ एक मुस्त भाजपा के साथ आ गए जिसका परिणाम यह हुआ कि कांग्रेश और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मुंबई में उन का सूपड़ा साफ हो गया था इसके बाद विधानसभा और मनपा चुनाव में भी उत्तर भारतीय वोटर भाजपा के साथ बना रहे मगर लोकसभा चुनाव में देश के प्रधानमंत्री की रणनीति और कार्यप्रणाली को देखकर उत्तर-पश्चिम लोकसभा क्षेत्र के शिवसेना भाजपा उम्मीदवार के रूप में गजानन कीर्तिकर के स्वरूप में हम सब मोदी जी की सरकार देख रहे हैं यह वक्तव्य एक सर्वे के दौरान राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा व प्रभारी दीव दमन सिलवासा के राम कुमार पाल ने कही है श्रीपाल ने दावा करते हुए कहा है कि देश का प्रधान मंत्री फिर मोदी जी ही होंगे क्योंकि चाहे गांव हो चाहे शहर हो चाहे देश हो मोदी जी के शासनकाल में हर जगह का विकास हुआ है चाहे छोटा हो चाहे बड़ा हो चाहे किसी भी समाज का हो सबका विकास हुआ है इसलिए मैं दावे के साथ कह सकता हूं देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे जब मेट्रो दिनांक के पत्रकार मलाड पूर्व में सर्राफ बंधुओं से पूछताछ किया तो उन्होंने कहा कि जैसा विकास का काम भाजपा के नगरसेवक विनोद शेलार ने किया है क्या कांग्रेसका कोई नगरसेवक ऐसा काम कर पाएगा क्या मैं यह सवाल कांग्रेसियों से करता हूं क्योंकि अब जनता सब जानती है कार्यों के बल पर मतदान करें गा ठीक इसी प्रकार से गोरेगांव पूर्व के सारस्वत मराठी समाज ने कांग्रेस पार्टी को कहा है कि हमारे क्षेत्र व सोसायटी के क्षेत्र में कांग्रेस का कोई भी पंपलेट तक न पहुंचाएं नहीं बांटे ऐसा आग्रह कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को आग्रह पूर्वक सरस्वत मराठी समाज ने किया है जब मेट्रो दिनांक पत्रकार ने फिल्मी दुनिया में बड़ी तेजी के साथ मिसाल कायम करने वाले फिल्म पोस्ट प्रोडक्शन हाउस के (शेष पृष्ठ ४ पर)

## संपादकीय

# टिक टॉक की दुकान भारत में तो फिलहाल बंद

हल्ला हालांकि पूरी दुनिया में है, लेकिन मोबाइल फोन के लिए वीडियो के सोशल मीडिया एप टिक टॉक की दुकान भारत में तो फिलहाल बंद हो गई है।



चीन में तैयार यह एप पिछले कुछ समय में काफी तेजी से लोकप्रिय हुआ था। खासकर नई पीढ़ी के नौजवानों में इसने बहुत तेजी से जगह बनाई थी। इससे पहले कि इसका नाम सुर्खियों में आता, भारत में इसके पांच करोड़ से ज्यादा उपयोगकर्ता हो गए थे। वैसे भारत में ही नहीं, पूरी दुनिया में यही हाल था। अमेरिका में इस साल की पहली तिमाही में सबसे ज्यादा डाउनलोड होने वाला मोबाइल एप टिक टॉक ही था। इसके अचानक ही लोकप्रिय हो जाने के कारण भी स्पष्ट हैं। यह ऐसा एप है, जिस पर बहुत छोटे वीडियो डाले और साझा किए जा सकते हैं, एक चौथाई मिनट से भी कम के। इसीलिए यह यू-ट्यूब से ज्यादा सुविधाजनक भी है। वहां वीडियो अपलोड करने में लंबा समय लगता है, जबकि टिक टॉक पर यही काम कुछ सेकंड में हो जाता है। शायद इसलिए नई पीढ़ी ने इसे हाथों-हाथ लिया। इसके साथ ही छोटे-छोटे वीडियो बनाने और इसके लिए कुछ भी कर गुजरने का पागलपन बढ़ा। इसके बहुत तेजी से प्रसार ने लोगों के कान तो पहले ही खडे ़कर दिए थे, लेकिन जब इसमें अश्लील सामग्री और पोर्नोग्राफी की पकड़ बढ़ी, तो मामला कुछ ज्यादा ही गंभीर हो गया। मद्रास उच्च न्यायालय ने इस पर पाबंदी लगा दी, जिसके बाद केंद्र सरकार के आग्रह पर गूगल और एप्पल के प्ले स्टोर से इसे भारत के लिए हटा दिया गया, यानी अब इसे भारत में डाउनलोड नहीं किया जा सकेगा।

हालांकि इस पूरे विवाद को चीन में अलग तरह से देखा जा रहा है। वहां धारणा यह है कि पूरे साइबर विश्व में अमेरिकी कंपनियों ने अपना दबदबा बना लिया है और अब जब चीन की कंपनियां उन्हें चुनौती देने में सफल हो रही हैं, तो उनके लिए बाधाएं खड़ी की जा रही हैं। लेकिन यह भी सच है कि चीन की कंपनियों की साइबर गतिविधियां हमेशा से शक के दायरे में रही हैं। चीनी कंपनियों पर विभिन्न देशों के डाटा चुराने के आरोप नए नहीं हैं। चीनी दूरसंचार कंपनी हुवाई के खिलाफ अमेरिका ने जो कड़े कदम उठाए, उसके पीछे भी यही कारण माना जाता है। खुद भारत में भी यूसी ब्राउजर पर ऐसे ही कारणों से पाबंदी लगाने की बात उठी थी। आरोप था कि यह ब्राउजर उपयोगकर्ताओं के डाटा को चीन भेजता हैइससे अलग जहां तक पोर्नोग्राफी की बात है, तो वह इंटरनेट पर टिक टॉक से पहले भी थी, और उस पर पाबंदी लगाने के बाद भी पूरी तरह से खत्म होने वाली नहीं है। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि इंटरनेट में 30 फीसदी से ज्यादा सामग्री पोर्नोग्राफी है, जबकि कुछ अध्ययनों का कहना है कि ऐसी सामग्री 50 फीसदी से भी ज्यादा हो सकती है। साइकोलॉजी टुडे का एक अध्ययन बताता है कि दुनिया के 90 फीसदी लड़के और 60 फीसदी लड़कियां 18 साल की उम्र से पहले ही ऐसी सामग्री के संपर्क में आ जाते हैं, जो सिर्फ वयस्कों के लिए ही होनी चाहिए। इतना ही नहीं, इसमें से ज्यादातर सामग्री में महिलाओं के प्रति हिंसक व्यवहार भी दिखाया जाता है।

# राजधानी Exp. खुलने से पांच घंटे पहले भी दे देते हैं कन्फर्म बर्थ

**गुड़गांव :** गुड़गांव के एक निजी कंपनी में काम करने वाले संतोष कुमार पिछले हफ्ते ही पटना आए थे। अब उन्हें दिल्ली जाना है। करीब—करीब सभी ट्रेनों को उन्होंने चेक कर लिया। परंतु कन्फर्म टिकट किसी ट्रेन में नहीं मिली। अब उनके पास दलालों के पास जाने के अलावा कोई चारा नहीं बचा। अब संतोष के पास सिर्फ एक ही तरीका है, वह दलालों को दोगुनी कीमत देकर टिकट खरीदें। संतोष जैसे एक-दो नहीं हर दिन सैकड़ों लोग दलालों के जाल में इसी तरह फंसते हैं। जब संतोष ने अपना किस्सा हिन्दुस्तान स्मार्ट को सुनाया तो हमारे रिपोर्टर ने पटना जंक्शन के आरक्षण केंद्र की पड़ताल की। यहां दलालों का गजब का नेटवर्क मिला। आखिर नेटवर्क क्या है, कैसे कन्फर्म टिकट मिलता है, आप भी पढ़िए...

दलालों को कौन टिकट देता है और इन्हें किसका संरक्षण मिला है। यह बड़ा सवाल है? ट्रेन आने के पांच घंटे पहले कन्फर्म टिकट देना सिस्टम पर सवाल है। अगर टिकट के दलालों से किसी विभागीय कर्मचारी की सेटिंग नहीं होती तो पांच घंटे पहले टिकट दे पाना संभव




नहीं होता। पटना में ऐसे धंधेबाजों के कारण ही यात्रियों को हर दिन जूझना पड़ता है। सूत्रों की मानें तो पटना के सभी रेल टिकट काउंटरों पर दलाल अपने आदमी लगाते हैं और प्रचलित नाम का टिकट पहले से बुक कराकर रखते हैं। इसके बाद वह जरूरतमंदों से बोली लगाते हैं। सेटिंग तो इतनी तगड़ी है कि राजधानी जैसी ट्रेन में भी वह कंफर्म टिकट दे रहे हैं। काउंटर के चक्कर काटते रह जाएंगे

रेल आरक्षण केंद्र पर हर दिन लंबी कतार होती है। पड़ताल की गई तो देखा गया कि सबसे बड़ी समस्या दिल्ली और मुंबई के टिकट को लेकर है। जंक्शन के आसपास के इलाकों में दलाल सक्रिय हैं। रिपोर्टर ने कई दलालों से बात की। सभी ने टिकट देने का दावा किया और कहा—काउंटर का चक्कर काटते रहेंगे, कन्फर्म टिकट नहीं मिलेगा।

**दलाल ने किया खुलासा**

रिपोर्टर जब जरूरतमंद बनकर दलाल के पास पहुंचा तो उसने पहले परखने के लिए कई सवाल किए। इसमें रेलवे स्टेशन की खिड़की पर ट्रेन में आरक्षण की स्थिति जानने से लेकर कई अन्य सवाल भी दागे। सही जवाब मिलते ही दलाल को विश्वास हो गया कि व्यक्ति वास्तव में जरूरतमंद है और इससे मोटी रकम मिल सकती है। दलाल अभिषेक (काल्पनिक नाम) से जो बातचीत हुई,

# मासूमों को जंजीरों से बांधने की जांच करेगा बाल आयोग




**विकासनगर:** कोतवाली विकासनगर क्षेत्र के अंतर्गत एक शिक्षण संस्थान में शरारत करने पर तीन मासूमों को बेरहमी से पीटने और जंजीरों से बांधकर रखने के मामले की जांच बाल आयोग करेगा। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष ऊषा नेगी ने मामले में संज्ञान लिया है। ऊषा नेगी ने कहा कि मासूमों से अमानवीय व्यवहार का यह मामला गंभीर है। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चे कितने भी शरारती क्यों न हों, उनके साथ अमानवीय व्यवहार करना अपराध है। कहा कि वह खुद विकासनगर आकर प्रकरण की जानकारी लेंगी। वहीं, मामले में पहले दिन तत्परता दिखाने वाली कोतवाली पुलिस ने दूसरे दिन कोई कार्रवाई नहीं की।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में बीते मंगलवार को गंगभेवा बावड़ी के पास कुछ लोगों ने तीन बच्चों को डरा सहमा देखा। बच्चों के पैरों में बंधी जंजीरें और ताला देखकर लोगों ने पूछताछ की तो बच्चे फफक पड़े थे। बच्चों का कहना था कि क्षेत्र के एक शिक्षण संस्थान में उन्हें बेरहमी से पीटने के साथ ही जंजीरों से बांधकर रखा गया। उन्हें उस शिक्षण संस्थान में वापस नहीं जाना है। बच्चों ने स्थानीय लोगों को बांहों और जांघ पर चोट के निशान भी दिखाए थे। मासूमों को जंजीरों से बांधने का प्रकरण गंभीर है। मदरसा बोर्ड पूरे प्रकरण की पड़ताल कर रहा है। आरोपों की पुष्टि होने पर संबंधित मदरसे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दादा ने मेले में जाने से रोकने के लिए बच्चों को बांधा : जाबिर

मासूम बच्चों से मारपीट और उन्हें जंजीरों से बांधकर रखे जाने के मामले में बुधवार को नया मोड़ आ गया। मदरसा कमेटी के सदस्य जाबिर मलिक ने कहा कि बच्चों के दादा ने मेले में जाने से रोकने के लिए उन्हें घर पर जंजीरों से बांधा था, जिसे तोड़कर बच्चे भाग गए थे। मदरसा इस्लामिया खलीलया ग्राम नवाबगढ़ में आयोजित मदरसा कमेटी की बैठक में जाबिर मलिक ने कहा कि बच्चों के पिता की किसी बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। बच्चों की देखरेख उनके दादा करते हैं, जो बच्चों की शरारतों की वजह से चिंतित रहते हैं। अधिक शरारत करने और मेले में जाने की जिद करने पर उन्होंने ही बच्चों को बांधा था। बच्चों के साथ कोई अनहोनी न हो इसलिए यह सब किया गया। जाबिर ने कहा कि मदरसे पर लगे आरोप निराधार हैं। बैठक में नवाब, संदीप दुबे, अली अहमद, कादिर अहमद, मुनीर, तसीम, सलीम, मोइन, वहीद आदि मौजूद रहे।

# जयपुर में चेन स्नैचर गैंग के ५ बदमाश समेत ७ गिरफ्तार, लूट की डेढ़ दर्जन वारदातों का हुआ खुलासा

**जयपुर** के मालवीय नगर थाना पुलिस ने एक बड़े चेन स्नैचर गैंग का पर्दाफाश करते हुए ५ शातिर बदमाशों व २ खरीददारों को गिरफ्तार किया है. इनसे पूछताछ में करीब डेढ़ दर्जन लूट की वारदातों का खुलासा हुआ है. डीसीपी( ईस्ट) डा. राहुल जैन ने बताया कि पूर्वी जिले में पिछले कुछ महीनों में महिलाओं से चेन लूट की वारदातें बढ़ रही थी. इन वारदातों से महिलाओं में डर पैदा हो रहा था जिससे निपटने के लिए एक स्पेशल टीम का गठन किया गया. स्पेशल टीम की ओर से तकनीकी सहायता व मुखबिरों की मदद से जानकारी जुटाई गई और जिले में संदिग्धों की तलाश की गई. तलाशी के दौरान पुलिस ने वारदातों के समय सीसीटीवी कैमरों में आई फुटेज के आधार पर सोडाला से हर्ष, खोहनागोरियान से अजय व सुरेश को गिरफ्तार किया. तीनों आरोपियों ने पूछताछ में चेन स्नेचिंग करना कबूल किया. लूट की गई चेनों को ज्वैलरी की दुकान चलाने वाले तरणीदास को बेचना बताया जिसके आधार पर पुलिस ने खरीददार तरणीदास को भी गिरफ्तार



कर लिया.पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर उनके साथी नरेश व पवीर को भी गिरफ्तार किया जो कि इन तीनों अभियुक्तों के साथ लूट की वारदातों में शामिल थे. इन दोनों आरोपियों ने लूट का सामान पश्चिम बंगाल निवासी संतुदास को बेचा था. पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया. आरोपियों ने मालवीय नगर, जवाहर नगर, प्रतापनगर, खोहनागोरियान, बजाज नगर, शिप्रापथ व मानसरोवर इलाकों में १७ लूट की वारदातें करना कबूल किया है. गिरफ्तार सभी आरोपी युवा हैं जो अपने शौक पूरे करने व नशा करने के लिए वारदातें कर रहे थे. पुलिस की अभियुक्तों से पूछताछ जारी है, कई अन्य वारदातों का खुलासा होने की संभावना है.

# तीस लाख के मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा




**बनभूलपुरा** पुलिस ने तीस लाख की धोखाधड़ी के मामले में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। नईबस्ती निवासी मो. नईम की पत्नी रिजवाना ने पुलिस को बताया कि उसकी तंजीम, सलीम और उसके भांजे मो. रेहान से जान पहचान थी। तंजीम ने बताया कि वह एक मकान खरीद रही है। इसके लिए उसे ३० लाख की आवश्यकता है। अनुरोध करने पर उसने १३ दिसंबर २०१८ को तीनों को तीस लाख रुपये उधार दे दिए। वापसी के एवज में रेहान ने दो चेक दिए। इसी दिन तंजीम ने एकरारनामा लिखा कि वह दोनों चेक को अभी बैंक में भुगतान के लिए नहीं लगाएगी। काफी समय बाद जब रिजवाना ने चेक बैंक में प्रस्तुत किया तो पता चला कि चेक किसी अन्य के खाते का है। चेक में भी छलकपट किया गया है। आरोप है कि पैसा मांगने पर तीनों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तंजीम, सलीम और रेहान के खिलाफ धारा ४२०, ५०४, ५०६ के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दो लाख कीमत के १८ मोबाइल बरामद

**शाहजहांपुर।** रेल यात्रियों के चोरी और गुम हुए मोबाइल बरामद करने में जीआरपी को बड़ी कामयाबी मिली है। सर्विलांस के जरिए जीआरपी ने १८ मोबाइल बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल की कीमत दो लाख रुपये से ज्यादा है। सीओ द्वितीय जीआरपी केके शुक्ला की मौजूदगी में इंस्पेक्टर अरविंद पांडेय ने औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बरामद मोबाइल यात्रियों को दे दिए गए। ट्रेनों में यात्रियों का सामान, मोबाइल, पर्स चोरी करने वाले सक्रिय रहते हैं। मौका पाते ही वे अपना काम कर जाते हैं। मोबाइल चोरी जीआरपी के लिए सिरदर्द बनी हुई है। शाहजहांपुर स्टेशन पर मोबाइल चोरी, गुम होने के करीब दो दर्जन मामले लंबित हैं।

मोबाइल की बरामदगी के लिए इंस्पेक्टर अरविंद पांडेय के नेतृत्व में सर्विलांस सेल और सीडीआर के जरिए काम में लगी हुई थी। मंगलवार को बड़ी कामयाबी मिली। जीआरपी ने अलग-अलग स्थानों से १८ मोबाइल बरामद कर लिए। इनकी कीमत दो लाख रुपये से ज्यादा बताई जा रही है। मोबाइल की बड़ी बरामदगी के लिए सीओ केके शुक्ला ने जीआरपी टीम की प्रशंसा की है। जिन यात्रियों के मोबाइल बरामद हुए हैं उनमें शाहजहांपुर, बदायूं, इटावा, मुरादाबाद, लखीमपुरखीरी, सीतापुर, दिल्ली और लखनऊ के यात्री शामिल हैं। सिपाही, आरपीएफ जवान का मोबाइल भी मिला आरपीएफ शाहजहांपुर पोस्ट पर तैनात सिपाही रमेश चंद्र और जिला कारागार बदायूं में तैनात सिपाही संजीव कुमार वर्मा का भी मोबाइल बरामद हो गया है। इन दोनों के मोबाइल करीब दो महीने पहले शाहजहांपुर स्टेशन पर गुम हुए थे। बदायूं में तैनात सिपाही भी बुधवार को मोबाइल लेने जीआरपी थाने पहुंचा। बरामद १८ मोबाइल की कीमत दो लाख रुपये से ज्यादा है। अपराध मुक्त स्टेशन और रेल के लिए जीआरपी का अभियान लगातार चल रहा है। बरामद मोबाइल यात्रियों के सुपुर्द कर दिए गए हैं।

# बंद सॉल्वेंट प्लांट में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**लखीमपुर खीरी।** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर जयपुरिया स्कूल के पीछे बंद सॉल्वेंट प्लांट में सीतापुर निवासी २५ वर्षीय जितेंद्र राठौर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। बुधवार की सुबह युवक का शव प्लांट के तालाब में मिला है। पुलिस ने शव तालाब से बाहर निकलवाया, तो उसकी नाक से खून निकल रहा था। शुरुआती जांच में पुलिस हादसा मान रही है, जबकि मृतक के परिवार वाले हत्या का शक जता रहे हैं। सीतापुर के मोहल्ला सदर बाजार निवासी २५ वर्षीय जितेंद्र राठौर सोमवार को ही ठेकेदार मोहल्ला कजियारा सीतापुर निवासी नईम के माध्यम से पेंटिंग का कार्य करने के लिए पांच अन्य साथियों के संग ओपीजी सॉल्वेंट प्लांट में आया था। मंगलवार को पेंटिंग का काम शुरू नहीं हो पाया था, बल्कि जितेंद्र समेत अपने साथी राकेश, रमेश, राजू, अरविंद के साथ मिलकर ठहरने के लिए तालाब के सामने झोंपड़ी बना रहा था। मंगलवार को जयपुरिया स्कूल में स्थापना दिवस भी मनाया गया, जो प्लांट से जुड़ा हुआ है। स्कूल की बस, वैन आदि प्लांट परिसर में ही खड़े किए जाते हैं। बुधवार की सुबह करीब सात बजे उसके साथियों ने तालाब में शव पड़ा होने की सूचना प्लांट के कर्मचारियों को दी। इसके बाद सनसनी फैल गई। मृतक के भाई अमरीश राठौर ने बताया कि सुबह सूचना मिली, जिसके बाद वह रिश्तेदारों संग प्लांट पर पहुंचे। तालाब में नहाने का सवाल इसलिए नहीं है, क्योंकि जितेंद्र के शरीर पर सभी कपड़े पाए गए हैं। सूचना पर एलआरपी चौकी इंचार्ज हरिदास चौरसिया ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पूछताछ में साथियों ने पुलिस को बताया कि वह शराब पीता था।

युवक शराब पीने का आदी था, जिससे हादसा हुआ है। अत्यधिक नशे में होने के चलते वह तालाब में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

# झाड़ियों में खींच किशोर को पेड़ से बांध छात्रा से गैंगरेप

**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के विरार ईस्ट में सोमवार देर शाम १५ वर्षीय छात्रा के साथ गैंगरेप ने हर किसी को हिलाकर रख दिया है। उस वक्त वह अपने दोस्त के साथ थी। सुनसान इलाका देखकर वहां पहुंचे दो लोगों ने छात्रा के दोस्त को पेड़ से बांध दिया और उसके सामने ही को अंजाम दिया। छात्रा ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि दोनों आरोपियों में से एक ऑटो रिक्शा चालक हो सकता है। कक्षा नौ में पढ़ने वाली छात्रा के पिता ने बुधवार को विरार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अपनी तहरीर में उन्होंने कहा कि यह घटना सोमवार रात लगभग आठ बजे हुई, जब लड़की अपने एक रिश्तेदार के यहां जा रही थी। वह रास्ते में अपने एक स्कूली दोस्त (१६) से मिली। दोनों एक सुनसान सड़क पर चल रहे थे। तभी वहां दो आदमी आए। उनमें से एक मोटा थी और दूसरा दुबला था। दोनों ने उन्हें स्कूल के पीछे एक उजाड़ जगह पर खींच लिया।

**वारदात के बाद जान से मारने की धमकी**

पुलिस को दिए बयान में किशोर ने बताया कि उस भयावह आदमी ने उसे धमकाया। उसे एक पेड़ से बांध दिया और उसे धमकी दी कि




अगर उसने शोर मचाया तो उसके लिए अच्छा नहीं होगा। दोनों ने लड़की को झाड़ियों के पीछे खींच लिया और उसके साथ बलात्कार किया। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने लड़की को धमकी दी कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो वे उन्हें मार देंगे। आरोपी दोनों को उसी हालत में वहां छोड़कर चले गए। लड़की किसी तरह झाड़ियों के पीछे से निकली और पेड़ से बंधे अपने दोस्त को छुड़ाया। घर आकर छात्रा ने अपने माता-पिता को यह घटना बताई। लड़के के माता-पिता को भी सूचित किया गया और परिजनों ने मंगलवार को पुलिस में मामला दर्ज कराया।

**इलाके के ऑटो चालकों से पूछताछ**

पुलिस ने फिलहाल अज्ञात लोगों के खिलाफ गैंगरेप, आईपीसी और पॉक्सो ऐक्ट की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। लड़की ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि दोनों आरोपी भूरे रंग की पतलून पहने हुए थे जो आमतौर पर ऑटो रिक्शा चालक पहनते हैं। उनमें से एक की पतलून में त्रिकोणीय बैज लटक रहा था। हालांकि उन्होंने उन दोनों के पास कोई गाड़ी नहीं देखी।

पुलिस ने किशोरों द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के आधार पर इलाके के ऑटो चालकों से पूछताछ शुरू कर दी है। लड़की और उसके दोस्त दोनों को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है।

## विरार में १५ साल की नाबालिग लड़की से गैंगरेप, दोस्त को पेड़ से बांधकर पिटाई

सोमवार देर शाम विरार (पूर्व) में एक दोस्त को पेड़ सेबांधने के बाद एक १५ वर्षीय नाबालिग लड़की का दोलोगों ने सामूहिक बलात्कार किया। पुलिस ने कहा किलड़की द्वारा दिए गए अपराधियों का वर्णन एक ऑटोचालक हो सकता है। कक्षा नौवीं के छात्र के पिता ने बुधवार को विरार पुलिस मेंशिकायत दर्ज कराई। यह अपराध सोमवार को रातलगभग ८ बजे हुआ जब लड़की अपने किसी रिश्तेदार केयहां जा रही थी। जब वह रास्ते में एक स्कूली दोस्त (१६)से मिली और वहाँ के सुनसान सड़क पर चलने लगी, तब दो आदमी - एक मोटा, दूसरा दुबला - ने उन्हें रोका। दोनोंआदमियों ने उन्हें स्कूल के पीछे एक उजाड़ जगह परखींच लिया। पुलिस के अनुसार, उस मोटे आदमी ने लड़के पर घूसों कीबारिश की व उसे एक पेड़ से बांध दिया और उसे शोर नकरने की चेतावनी दी। फिर दोनों ने लड़की को कुछझाड़ियों के पीछे खींच लिया और उसके साथ बलात्कारकिया।


## आवश्यकता है

मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :

संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९

Email : metrodinank@gmail.com

## Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

MEMBERSHIP
5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"


प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक-दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। **संपादक** - दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ** : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,
मो. 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

# संक्षिप्त न्यूज

## पुलिस अधिकारी गिरफ्तार

**मुंबई:** एक महिला पुलिसकर्मी का पीछा करने, गाली-गलौज और गलत तरीके से शरीर को छूने के आरोप में आजाद मैदान पुलिस ने मंगलवार को एक पुलिस अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी पुलिस सब इंस्पेक्टर का नाम विनोद बल्लाल है। हालांकि, आरोपी पीएसआई बल्लाल को कोर्ट से जमानत मिल गई है।

## मनोनीत नगरसेवकों का निलंबन रद्द

**भिवंडी:** मनपा के कांग्रेस एवं शिवसेना के चार मनोनीत नगरसेवकों की नियुक्ति को असंवैधानिक बताते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें निलंबित कर दिया था। इस आदेश को उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया है। मनोनीत नगरसेवकों का कहना है कि उच्च न्यायालय ने एक तरह से लोकसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री को कड़ा झटका दिया है।

## पूर्व नगरसेवक के भतीजे ने की आत्महत्या

**मुंबई:** गोरेगांव पुलिस के अंतर्गत मोतीलाल नगर में 24 वर्षीय एक युवक ने खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान पूर्व नगरसेवक दिलीप शिंदे के भतीजे सागर शिंदे के तौर पर की गई है। घटना बुधवार दोपहर की है। पुलिस आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर घटना की जांच कर रही है।

## भिवंडी में पावर लूम मजदूर ने की आत्महत्या

**भिवंडी:** आर्थिक तंगी के चलते भिवंडी में पावर लूम मजदूरों की आत्महत्या करने की घटनाएं दिनो-दिन बढ़ती जा रही हैं। खाड़ी पार इलाके में रहने वाले पावर लूम मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि आर्थिक तंगी के चलते उसने आत्महत्या की है। पुलिस के अनुसार, हाजरा चॉल में रहने वाला शौकत शेख (40) ने आत्महत्या की है। उसके दोस्त नूर अंसारी ने काम से लौटने के बाद इसकी जानकारी निजामपुर पुलिस को दी।

## पानी चोरी करने वालों के विरुद्ध मामला दर्ज

**भिवंडी:** स्टेम प्राधिकरण की पाइपलाइन तोड़कर पानी की चोरी करने वाले एक टैंकर माफिया के विरुद्ध पिछले हफ्ते मामला दर्ज किया था। वहीं, नदीनाका के रहने वाले दो लोगों पर पाइपलाइन से पानी चोरी के लिए निजामपुर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बता दें कि भिवंडी तालुका के खोनी गांव, खाड़ी पार, काटई एवं कांबा ग्राम पंचायत के जलापूर्ति के लिए कामवारी नदी स्थित तिलक विसर्जन घाट के पास से स्टेम प्राधिकरण की पाइपलाइन जाती है। तिलक विसर्जन घाट के पास मोइनुद्दीन शेख एवं निजामुद्दीन अंसारी पाइपलाइन में छेद करके पानी की चोरी कर रहे थे।

## दिन-दहाड़े 5 लाख रुपये लेकर फरार

**वसई:** वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र के गोखिवरे इलाके में एक अज्ञात चोर बाइक के हैंडल में लटकाई गई 5 लाख रुपये से भरी थैली लेकर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि नायगांव (पूर्व) के बफाना निवासी दिवान धना वसुनिया (28) लेबर कॉन्ट्रेक्टर है। सोमवार दोपहर 1 बजे उसने गोखिवरे स्थित पंजाब नैशनल बैंक से 5 लाख रुपये निकाले थे और वहीं पास स्थित एक गैरेज में बाइक का पंचर बनवाने लगा। रुपये से भरी थैली बाइक के हैंडल में लटका दी। तभी अज्ञात चोर ने थैली गायब कर दी।

## दो लाख के लिए दो भाइयों का अपहरण

**कल्याण:** दो भाइयों का अपहरण कर उनके साथ मारपीट की घटना सामने आई है। डोंबिवली पुलिस स्टेशन में पुलिस ने तानाजी, विनय, संजय के खिलाफ मामला किया है। डोंबिवली (पूर्व) दत्तनगर लेखा भवन, एकता बिल्डिंग में रहने वाले मंगेश शेलार बिल्डिंग के नीचे खड़े थे, तभी तानाजी गाड़ी लेकर विनय और संजय के साथ आया। तीनों ने मंगेश को जबरदस्ती गाड़ी में बिठाया और खंबलपाडा स्थित एक बिल्डिंग में ले गए। उससे 2 लाख रुपये और जान से माने की धमकी दी। मंगेश ने फोन कर अपने चचेरे भाई सोमनाथ को बुलाया। सोमनाथ के पहुंचने पर आरोपियों ने दोनों की पिटाई की और सोमनाथ के सिर पर बीयर की बोतल फोड़ दी। इसके बाद दोनों को मुरबाड सरल गांव के फॉर्म हाउस पर ले गए, जहां दोनों को स्विमिंग पूल में डुबोकर मारने की कोशिश की।

## दूसरे चरण का प्रचार थमा

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार का गाजा-बाजा मंगलवार की शाम थम गया। राज्य के 10 सीटों पर गुरुवार, 18 अप्रैल को मतदान होगा। प्रचार के अंतिम दिन राज्य के दिग्गज नेताओं ने राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन किया। अमरावती में शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने महायुति के उम्मीदवार आनंदराव अडसूल और सोलापुर में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जयसिद्धेश्वर के लिए चुनाव प्रचार किया। दूसरे चरण में कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे, वंचित आघाडी के प्रकाश आंबेडकर, नांदेड़ से राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अशोक चव्हाण, भाजपा सांसद संजय धोत्रे, अमरावती से महायुति के आनंदराव अडसूल, महागठबंधन से नवनीत राणा के भाग्य का फैसला होना है। 18 अप्रैल के चुनाव में विदर्भ की तीन सीट, मराठवाड़ा की छह और एक सीट पश्चिम मराठवाडा है। इसके पहले 11 अप्रैल को देश के 91 सीटों के लिए मतदान हो चुका है जिसमें महाराष्ट्र की सात सीटें शामिल थीं।

## नवी मुंबई में चुनाव आयोग के 16 उड़नदस्ते तैनात

**नवी मुंबई :** लोकसभा चुनाव के दौरान नवी मुंबई के बेलापुर व ऐरोली चुनाव क्षेत्रों में चुनाव आयोग तगड़ी निगरानी कर रहा है। यहां चुनाव आयोग द्वारा उड़नदस्तों व स्थायी दक्षता (एसएसटी) के रूप में कुल 16 दस्तों को तैनात किया गया है। ये 16 दस्ते बेलापुर और ऐरोली में चुनावी आचार संहिता भंग करने वालों पर 24 घंटे नजर रखे हुए हैं। यह सभी दस्ते मतदाताओं को धमकाने, डराने, शराब, हथियारों और अस्त्र-शस्त्र का उपयोग करने, बड़ी मात्र में नकदी खर्च करने, साड़ी, कपड़े, शराब, अनाज आदि चीजें बांटने जैसी हरकतों पर नजर रख रहे हैं।

# स्वाइन फ्लू से हो रहीं हर 2 दिन में 3 मौतें

**मुंबई :** तापमान में जारी बदलाव से जहां एक तरफ स्वाइन फ्लू के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है, वहीं वैक्सीन न मिलने के कारण लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। राज्य स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, वैक्सीन खरीदारी की प्रक्रिया पूरी न होने के कारण वैक्सीनेशन ड्राइव शुरू नहीं हो पा रहा है। बता दें कि पिछले एक महीने में राज्य में स्वाइन फ्लू के ४०० से अधिक मामले सामने आए हैं। पिछले एक महीने के आंकड़े देखें तो हर दो दिन में तीन लोगों की मौत स्वाइन फ्लू से हो रही है। तापमान में जारी बदलाव से स्वाइन फ्लू के मामले थम नहीं रहे हैं। पिछले महीने १५ मार्च तक स्वाइन फ्लू के जहां ८१२ मरीज थे, वहीं १५ अप्रैल तक बढ़कर १२६६ हो गए। केवल एक महीने में इस बीमारी के ४५४ मरीज सामने आए हैं। स्वाइन फ्लू के रोजाना औसतन १५ मरीजों की पुष्टि हो रही है।




### ३० दिन में ४३ मौतें

मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी के साथ ही स्वाइन फ्लू से मरने वालों की संख्या भी दिन-ब-दिन बढ़ रही है। पिछले ३० दिनों में ४३ लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों के अनुसार, ज्यादातर मामले पुणे, नासिक इत्यादि इलाकों से हैं, लेकिन हकीकत देखें तो अब मुंबई भी इस बीमारी की चपेट में दिख रही है। महानगर में जनवरी से लेकर अबतक १२० से अधिक मरीज इसकी चपेट में आ चुके हैं।

### ...तो वैक्सीनेशन में हुई देरी

डॉक्टरों के अनुसार, स्वाइन फ्लू हवा के जरिए एक से दूसरे में फैलता है। ऐसे में लोगों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। खासकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों या प्रभावित क्षेत्रों में जाते वक्त लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए। बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं को बीमारी से बचने के लिए वैक्सीन लेना अच्छा विकल्प है। बता दें कि राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक अप्रैल से राज्यभर में विशेष अभियान चलाकर १ लाख २९ हजार लोगों का वैक्सीनेशन करना था। इसमें मुख्य रूप से बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवाती महिलाएं शामिल थीं, लेकिन इसे अभी तक शुरू नहीं किया जा सका है। राज्य स्वास्थ्य विभाग के सर्विलांस ऑफिसर डॉ. पी आवटे ने कहा कि अभियान अप्रैल से शुरू होना था, लेकिन वैक्सीन न मिलने के कारण अभी तक इसे शुरू नहीं किया जा सका। वैक्सीन खरीदारी की प्रक्रिया जारी है। मई से हम वैक्सीनेशन प्रक्रिया शुरू कर देंगे।

संक्रमण रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्रांत शाह ने बताया कि चूंकि स्वाइन फ्लू भी एक तरह का वायरल इन्फैक्शन है, इसलिए कई बार लोग इसे सामान्य वायरल समझ लेते हैं। नतीजतन देरी से इलाज के लिए आते हैं। सावधानी के मद्देनजर किसी भी तरह की शारीरिक समस्या होने पर वक्त जाया किए बिना डॉक्टर से मिल लेना चाहिए।

# कबूतरखाने न तोड़ने व दाना डालने वालों पर जुर्माना न लगाने की मांग



**मुंबई :** कबूतरखानों पर तोड़क कार्रवाई करने तथा उन्हें दाना डालने वालों पर की जा रही कार्रवाई के खिलाफ जैन शक्ति फाउंडेशन, भाजपा के वरिष्ठ विधायक मंगल प्रभात लोढ़ा ने आवाज उठाई है। उन्होंने बीएमसी कमिश्नर अजॉय मेहता से मिलकर ज्ञापन दिया है, जिसमें तोड़क कार्रवाई तथा जुर्माने पर रोक लगाने की मांग की गई है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से बीएमसी शहर में पुराने कबूतरखानों को तोड़ रही है। साथ ही, कबूतरों को दाना डालने वालों पर ५०० रुपये जुर्माना मार रही है। उल्लेखनीय है कि गोलदेवल इलाके की मशहूर कबूतर गली के कबूतरखाने को भी बीएमसी ने ध्वस्त कर दिया है। इस मामले को लेकर जैन शक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष कनक परमार एवं राष्ट्रीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य गिरीश भाई, विधायक लोढ़ा व अन्य लोगों ने बीएमसी कमिश्नर मेहता से मुलाकात कर एक ज्ञापन दिया। लोढ़ा ने बताया कि कबूतरों को दाना डालना भारतीय परंपरा का हिस्सा है। पूरी दुनिया में सार्वजनिक स्थानों पर कबूतरों को दाना दिया जाता है, लेकिन मुंबई में बीएमसी इसे रोक रही है।

यह तो सीधे-सीधे भारतीय परंपराओं एवं धार्मिक मान्यताओं का अपमान है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी आदेश में ऐसा कहीं नहीं है कि कबूतरों को दाना डालना बंद किया जाए या उसके लिए लोगों पर जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने मुंबई के कबूतरखानों को चालू रखने एवं कबूतरों को दाना डालने पर जुर्माना लगाने की बीएमसी की कार्रवाई को भी रोकने की मांग की है।

# पांचवी पास राजस्थानी ठग का फर्जीवाड़ा, जवानों के नाम पर ओएलएक्स पर लगा रहा था चूना

**मुंबई :** पुलवामा हमले सीआरपीएफ जवानों की शहादत के बाद देश में सेना, पुलिस एवं अन्य जांच एजेंसियों के प्रति लोगों में सहानुभति और सम्मान काफी बढ़ गया है। लेकिन एक राजस्थानी ठग इसी सम्मान से खिलवाड़ कर रहा था। वह सुरक्षा एजेंसियों से जुड़े जवानों के प्रति लोगों में विश्वास, सहानुभूति और सम्मान का लाभ उठाकर ओएलएक्स पर ठगी का कारोबार चला रहा था। हैरानी की बात यह है कि पुलिस द्वारा पकड़ा गया यह ठग सिर्फ पांचवी तक ही पढ़ा-लिखा है। बता दें कि www.olx.inनामक ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट पर फर्जी आईडी बनाकर सीआईएसएफ जवानों को सस्ते में मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल, कार, सोना आदि बेचने का झांसा दिया गया और जवानों से उनके पहचान पत्र, आधार कार्ड आदि महत्वपूर्ण




दस्तावेजों की जानकारी ले ली। बाद में ओएलएक्स विज्ञापनों के जरिए ऐसा आभास कराने लगा मानों सीआईएसएफ जवान ही मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल, कार, सोना आदि बेच रहे हैं। विज्ञापनों के जरिए राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में कई लोगों को ठगा गया था। इसकी शिकायत बीकेसी स्थित साइबर पुलिस थाने में दर्ज हुई थी। डीसीपी विशाल ठाकुर के मार्गदर्शन में मामले की जांच कर रहे पीआई सहस्त्रबुद्धे एवं एपीआई बलिराम सुतार की टीम को पता चला कि उक्त ठगी का कारोबार राजस्थान से चलाया जा रहा है। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी का राजस्थान के घोंघर गढ़ी, झीलपट्टी स्थित झेलपुरी का पता ढूंढ निकाला। लेकिन राजस्थान की कैथवाड़ाने पुलिस की मदद से पुलिस जब आरोपी को पकड़ने पहुंची तो उसके परिजनों ने पुलिस पर हमला का दिया। उन्होंने पुलिस टीम पर जमकर पत्थर बरसाए। लेकिन फिर भी पुलिस २२ वर्षीय आरोपी असिन अमिन को दबोचने में सफल हुई।


# १६ हजार मुंबई पुलिसकर्मी करेंगे पोस्टल बैलेट से वोट




**मुंबई :** मुंबई पुलिस से जुड़े १६००० से ज्यादा कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से वोट डालने की अर्जी दी है। मुंबई सीपी संजय बर्वे ने मंगलवार को मीडिया को यह जानकारी दी। मुंबई पुलिस की कुल संख्या लगभग ५० हजार है। डोंगरी जोन के एसीपी अविनाश धर्माधिकारी ने कहा कि उनके अंडर में जे.जे मार्ग और डोगरी पुलिस स्टेशन आते हैं। इन दोनों पुलिस स्टेशनों की कुल संख्या ४१० है। हमने अब तक २२६ पुलिस कर्मियों से पोस्टल बैलेट की एप्लीकेशन भिजवाई है। मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे और पालघर में २९ अप्रैल को वोटिंग होनी है। उस दिन लगभग सभी पुलिसकर्मी ड्यूटी पर रहेंगे। उन्हें वोट डालने का वक्त नहीं मिलेगा। इसलिए पुलिस के आला अधिकारियों ने अपने कर्मियों को इस बात के लिए प्रोत्साहित किया है कि वह पोस्टल बैलेट से वोट दें। इसके लिए उन्होंने चुनाव आयोग को एक अर्जी दी है। इसमें उन्होंने लिखा है कि उनका नाम किस लोकसभा चुनाव क्षेत्र में आता है। विधानसभा क्षेत्र भी उनका कौन सा है। उन्होंने वोटर लिस्ट में अपना क्रमांक नंबर व कुछ और जरूरी सूचनाएं भी भेजी हैं। साथ ही वह पोस्टल अड्रेस भी, जहां उन्हें चुनाव आयोग की तरफ से फार्म भेजा जाएगा। मुंबई पुलिस के पीआरओ डीसीपी मंजूनाथ सिंगे के अनुसार, चुनाव आयोग की तरफ से बताए पोस्टल अड्रेस पर फार्म भेजा जाएगा। इसमें पुलिसकर्मियों को बताया जाएगा कि उन्हें किस दिन, किस जगह आकर पोस्टल बैलेट से वोट डलना है। वह तारीख २९ अप्रैल नहीं होगी। पोस्टल बैलेट से वोट डालने के बाद रिटर्निंग ऑफिसर के सामने सिग्नेचर होंगे। वोट एक लिफाफे में बंद होगा। २३ मई को जब मतगणना होगी, तो सबसे पहले पोस्टल बैलेट वाले वोटों की ही गिनती होगी।

# बंद सॉल्वेंट प्लांट में युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**लखीमपुर खीरी।** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर जयपुरिया स्कूल के पीछे बंद सॉल्वेंट प्लांट में सीतापुर निवासी २५ वर्षीय जितेंद्र राठौर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई है। बुधवार की सुबह युवक का शव प्लांट के तालाब में मिला है। पुलिस ने शव तालाब से बाहर निकलवाया, तो उसकी नाक से खून निकल रहा था। शुरुआती जांच में पुलिस हादसा मान रही है, जबकि मृतक के परिवार वाले हत्या का शक जता रहे हैं। सीतापुर के मोहल्ला सदर बाजार निवासी २५ वर्षीय जितेंद्र राठौर सोमवार को ही ठेकेदार मोहल्ला कजियारा सीतापुर निवासी नईम के माध्यम से पेंटिंग का कार्य करने के लिए पांच अन्य साथियों के संग ओपीजी सॉल्वेंट प्लांट में आया था। मंगलवार को पेंटिंग का काम शुरू नहीं हो पाया था, बल्कि जितेंद्र समेत अपने साथी राकेश, रमेश, राजू, अरविंद के साथ मिलकर ठहरने के लिए तालाब के सामने झोंपड़ी बना रहा था। मंगलवार को जयपुरिया स्कूल में स्थापना दिवस भी मनाया गया, जो प्लांट से जुड़ा हुआ है। स्कूल की बस, वैन आदि प्लांट परिसर में ही खड़े किए जाते हैं। बुधवार की सुबह करीब सात बजे उसके साथियों ने तालाब में शव पड़ा होने की सूचना प्लांट के कर्मचारियों को दी। इसके बाद सनसनी फैल गई। मृतक के भाई अमरीश राठौर ने बताया कि सुबह सूचना मिली, जिसके बाद वह रिश्तेदारों संग प्लांट पर पहुंचे।



# शिवसेना लोकसभा प्रत्याशी डॉ.श्रीकांत शिंदे की दिवा में विशाल रैली



**जय कुमार शर्मा**

**ठाणे,** दीवा में कल्याण लोकसभा सीट के शिवसेना प्रत्याशी डॉ. श्रीकांत शिंदे की शिवसेना-भाजपा-आरपीआई की संयुक्त रैली की शुरुआत शुक्रवार को विट्ठल मंदिर से की गई, जिसमें भारी संख्या में स्थानीय लोग एवं पार्टियों के कार्यकर्ता मौजूद थे।

दीवा (पूर्व) साबे गांव से शुरू हुई यह रैली ढोल पटाखों झंडा एवं बैनर के साथ दिवा स्टेशन, मुंब्रा देवी कॉलोनी से गुजरते हुए दातीवाली चौक, दातीवली गांव, साईं बाबा के दर्शन करते हुए बेतवड़े गांव से आगासन रोड होते हुए दीवा चौक पर रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर डॉ. श्रीकांत शिंदे की जगह-जगह महिलाओं द्वारा आरती उतारकर भव्य सत्कार किया गया एवं स्थानीय लोगों ने जमकर पुष्प वर्षा की।

इस रैली में ठाणे महानगर पालिका के उप महापौर रमाकांत मढवी, विधायक सुभाष भोईर, आदेश भगत, रोहिदास मुंडे, निलेश पाटिल, अर्चना पाटिल, दर्शना चरण दास म्हात्रे, दिवा प्रभाग समिति के सचिन चौबे एवं भारी संख्या में शिवसेना भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भूमाफिया ने पत्रकार को दी जान से मारने की धमकी?



**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई,** पिछले कई महीनों से 'सब की खबरें' नामक समाचार पत्र के सम्पादक सत्य प्रकाश तिवारी द्वारा भूमाफियाओं की अवैध गतिविधियों से मालाड, मालवणी व मुंबई की आम जनता को अवगत करा रहे थे। इसी के कारण मनपा अधिकारी भी इन भूमाफियाओं की अवैध गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर पा रहे थे और भूमाफियाओं पर अपना शिकंजा कस्ते जा रहे थे।

बौखलाए हुए भूमाफियाओं ने, 'सब की खबरें' नामक समाचार पत्र के सम्पादक सत्य प्रकाश तिवारी को गत दिनों पहले मालवणी स्तिथ लाइफलाइन मेडिकल स्टोर के



संपादक सत्य प्रकाश तिवारी

सामने उन की बाइक को रोक उनसे गाली गलोच से बातें की और साथ ही उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने यह भी कहा, 'की इधर दुबारा आओगे तोह हाथ पैर तोड़ देंगे'।

इस घटना की जानकारी सम्पादक तिवारी ने मालवणी पुलिस ठाणे के पुलिस अधिकारियों को दी। पर मालवणी के पुलिस अधिकारियों ने एन. सी., जो एक गैर संज्ञेय प्रत होती है उसकी नोंद की, और बड़ी ही आसानी से इस घटना से अपना पल्ला झाड़ दिया। जब की मुंबई पुलिस के आला अधिकारी बार-बार हर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरक्षक को, पत्रकारो की शिकायतों को गंभीरता से लेने की सलाह देते हैं। परन्तु इसके बावजूद पत्रकारों की सुनवाई नहीं होती दिखाई पड़ रही है। इस सारी घटना की जानकारी 'सब की खबरें' के सम्पादक सत्य प्रकाश तिवारी ने शिकायत पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मुंबई पुलिस आयुक्त संजय बर्वे, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (उत्तर विभाग), पुलिस उपायुक्त विभाग ११, सहयाक पुलिस आयुक्त मालवणी पुलिस ठाणे विभाग व मालवणी पोल्स ठाणे के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को दी। देखने वाली बात यह होगी की इस गंभीर शिकायत को पुलिस प्रशासन कितनी कार्यशीलता से निभाता है। इस मामले में प्रतिक्रिया हेतु भूमाफिया से संवाददाता द्वारा संपर्क किया गया परंतु संपर्क नहीं हो सका।

## दोबारा दी धमकी

**दिनांक १२ अप्रैल २०१९ को विधायक असलम शेख के कार्यालय में भू-माफिया फैजान शेख ने सब की खबरें के संपादक सत्य प्रकाश तिवारी को दोबारा जान से मारने और हाथ पैर तोड़ने की दिया धमकी। गाली गलौज के साथ बदमीती करने लगा, जिस पर वहां उपस्थित लोगों ने बीच बचाव किया। इसके बाद संपादक सत्य प्रकाश तिवारी ने मालवणी पुलिस चौकी में जाकर इस घटना की शिकायत दर्ज कराई और अपनी जान की रक्षा के लिए मुंबई पुलिस कमिश्नर व मुख्यमंत्री, गृह मंत्री को इस घटना की लिखित जानकारी दी। अब देखना यह है कि शासन व प्रशासन इस पर क्या कार्रवाई करती है?**

# महाराष्ट्र राज्य वेतन मंडल में विनोद मिश्र की नियुक्ति



**संवाददाता**

**मुंबई ।** राज्य सरकार द्वारा बैंकिंग रेगुलेशन के तहत सहकारी बैंक के कामकाज के लिए महाराष्ट्र राज्य वेतन मंडल की पुनर्रचना की गयी है। शासन द्वारा जारी अधिसूचना के तहत मालिक प्रतिनिधि सूची में मालाड सहकारी बैंक के चेयरमैन विनोद मिश्र को हासिल किया है। इसके साथ ही कर्मचारी प्रतिनिधियों की भी सूची जारी की गयी है। शासन के उप सचिव साठे द्वारा जारी की गयी अनुसूची के अनुसार मालिक प्रतिनिधी में इसके अलावा विधायक प्रवीण दरेकर, प्रवीण दटके, भगवानराव पाटील आशीष नावंदर, अच्युत कहाडकर तथा प्रदीप जगताप का समावेश है। जबकि कर्मचारी प्रतिनिधी में मोहन येनूरे, विजय मोगल, संजीव देशपांडे, भरत तांबोलकर, रवींद्र सहस्त्रबुद्धे, चंद्रशेखर मैडकर तथा प्रसाद पोटभरे का समावेश है।

# लोक सभा चुनाव २०१९ : राष्ट्रीय चुनावों के दूसरे चरण में सीटों का मतदान वर्णन

'चरण २',(दूसरे चरण) के लोकसभा चुनाव के लिए मतदान१८ अप्रैल, गुरुवार को हो रहा है। ११ राज्य और १ केंद्र शासित प्रदेश ९५ सीटों पर प्रतिनिधियों का चुनाव करने केलिए मतदान कर रहे हैं। चरण २ लोकसभा चुनाव के लिएमतदान करने वाले राज्यों में असम, बिहार, जम्मू और कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मणिपुर, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, बंगाल, छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी हैं। चरण २चुनाव के लिए मतदान का समय सुबह ७ से शाम ६ बजे तक है।




लोकसभा चुनाव २०१९ के दूसरे चरण के लिए ९५ सीटों पर लगभग १,६०० उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्रीएच डी देवगौड़ा, भाजपा विधायक हेमा मालिनी, वरिष्ठ कांग्रेसनेता वीरप्पा मोइली, राज्यसभा सांसद कनिमोझी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रमुख राज बब्बर और नेशनल कांफ्रेंस के राष्ट्रपति फारूक अब्दुल्ला, दूसरे चरण के लोकसभा चुनाव २०१९ के लिए प्रमुख उम्मीदवारों में से हैं।

इससे पहले चरण २ का मतदान ९७ सीटों पर होना था, लेकिन तमिलनाडु के वेल्लोर लोकसभा क्षेत्र में मतदान रद्द हो जाने के कारण इसे ९५ तक घटा दिया गया था, चुनाव आयोग ने यहां नकद जब्ती के कारण रद्द कर दिया। पूर्वी त्रिपुरा सीट पर मतदान १८ अप्रैल से २३ अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया गया था क्योंकि मतदान के बाद पाया गया कि कानून और व्यवस्था की स्थिति स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अनुकूल नहीं थी।

११ अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण में ६९.४३ प्रतिशत मतदान हुआ। १८ राज्यों और २ केंद्र शासित प्रदेशों में कुल ९१ लोकसभा क्षेत्र चरण १ (पहला चरण) में मतदान के लिए गए थे। जुल्म के खिलाफ आवाज़ के समाचार पत्र के माध्यम से हम सभी वैध भारतीयों मतदातागण से अनुरोध करते हैं, के अपना वोट के अधिकार को इस्तेमाल अवश्य करें।




# भाजपा-शिवसेना-आर पी आई(ए), रासप महायुति के उम्मीदवार...

**(पृष्ठ १ का शेष)**

ड्रेनेज लाइन का काम तक नहीं किया और ना ही नया शौचालय का काम किया गया। बस कांग्रेस पार्टी के किए कामों की लीपापोती करके कांग्रेस का पाटिया निकाल कर अपने नाम का पाटिया लगाने का काम किया कहीं-कहीं तो काम शुरू किया मगर आज तक पूरा नहीं हुआ। निरुपम ने मोदी और फडणवीस सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया करते हुए कहा है कि मोदी सरकार की कथनी और करनी में बहुत अंतर है। नौजवानों को नौकरी देने के बजाय छीनने का काम किया। जीएसटी से व्यापारी परेशान है, कारखाने बंद हो रहे हैं। फडणवीस सरकार में अपराध बढ़ रहा है, मां बहन बेटी सुरक्षित नहीं है, पूरे देश में तानाशाही जंगलराज चल रहा है,महंगाई चरम सीमा पर है। इस तरह के तीखे प्रहार कुरार विलेज जमजम बेकरी, आनंद नगर, अप्पापड़ा रिक्शा स्टैंड के पास विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। सभा रैलियों, प्रचार फेरी में अहम भूमिका निभाने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी चंद्रशेखर दुबे, भोम सिंह राठौर, जया पेंगल, संदीप सिंह, रामू यादव, सुधीर भरडकर, संतोष सिंह, जयकांत शुक्ला, प्रेमजीभाई गाला, यास्मीन शेख, दीपक भानूशाली, अनुसूया पवार, मीना दुबे, रीना यादव, राज कुमार राजभर, ओमप्रकाश पांडे, अरुण नलावडेष्ट्ठ बसंत शेट्टी, प्रशांत ठाकुर, नदीम खान, प्रवीण जोशी, अयूब खान, नकुल यादव, किरण तिवारी, डॉ. विषय पाठक, चंदन चौहान, करिया प्रसाद यादव, सदानंद सावंत, रवि ठाकुर, बाबा डायस, नारायण मणिकम, शीला पाल,दिलीप वडेकर, संध्या पटेल, प्रकाश अवस्थी, प्रतीश तिवारी, रेनू यादव, मिथुन सिंह, रोहित सिंह, सभाशंकर सिंह, विद्याधर मिश्रा, प्रियंका मुरुडकर, प्रियंका नारकर, दुर्गा तिवारी के अलावा कांग्रेस पार्टी के बेसिक सेवादल महिला युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# कांग्रेसी उम्मीदवार उर्मिला मातोंडकर को हराने के कांग्रेस...

**(पृष्ठ १ का शेष)**

ओग्नाइजेशन स्लमसेल क्लैमशेल यूथ कांग्रेस सेवा दल एनएसयूआई सभी को नजर अंदाज किया जा रहा है और संदेश कोंडवेलकर को ऐसा लग रहा है कि हमारी उम्मीदवार अगर जीत गई, तो हमारी वरचर्स्व कम हो जाएगा। इसके लिए कांग्रेस के ही पदाधिकारी उर्मिला मातोंडकर को हराने के लिए मास्टर प्लान तैयार करके दो गुटों में बट कर वर्चस्व की लड़ाई लड़कर हराने में लगे हैं. यह सब ६ अप्रैल को कांदिवली पश्चिम चारकोप विधान सभा के सभा के दौरान देखने को मिला जहां चार से पांच सौ स्लम युथ के कार्यकर्ता जमा थे आमदार असलम शेख, उम्मीदवार उर्मिला मातोंडकर, भूषण पाटील, आनंद राय किशोर सिंह, जैसा इत्यादि कुछ नेताओं को छोड़कर बाकी गुट बंदी और मास्टर प्लान के चलते नेता कार्यकर्ता नदारद थे। समर्पित कांग्रेस पदाधिकारियों ने संदेश कोंडवेलकर की तीखी प्रतिक्रिया करते हुए कहा है, कि संजय निरुपम के मुंबई अध्यक्ष पद से हटते ही उत्तर भारतीय कार्यकर्ता पदाधिकारियों को दरकिनार किया जा रहै है सन्देश कोंडवेलकर इक्का दुक्का उत्तर भारतीयों को छोड़कर किसी भी उत्तर भारतीयों को उम्मीदवार से नहीं मिलने दिया जा रहा है, कांग्रेसी सूत्रों ने कोंडवेलकर की कथनी करनी की जानकारी देते हुए कहा है, कि जब संजय निरुपम मुंबई अध्यक्ष थे तो उनके पीछे दौड़ते फिरते उनकी गुणगान कर रहे थे. मगर जब मिलिंद देवड़ा आए तुरंत रंग बदलकर मिलिंद देवड़ा को गुरु बोलना शुरू कर दिया है, वहां उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने मेट्रो दिनांक समाचार पत्र के माध्यम से पूछा है कि क्या? कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी २०१४ का चुनाव दोहराना चाहते हैं क्योंकि संजय निरुपम को हटते ही मिलिंद देवड़ा गुट यूपी बिहार वालो की वालों की कटाई छटाई शुरू कर दी है। अब यूपी-बिहार कार्यकर्ता पदाधिकारी कांग्रेस छोड़ अन्य पार्टियों में जाने का रास्ता तलाश कर रहे हैं। जब मेट्रो दिनांक संवाददाता ने मामले की सच्चाई जानने के लिए संदेश कोंडविलकरष्ट्ठ व उर्मिला मातोड़कर से संपर्क करना चाहा मगर संपर्क नहीं हो सका।

# मुंबई में उत्तर भारतीयों की रहेगी...

**(पृष्ठ १ का शेष)**

डायरेक्टर राजेश मिश्रा से पूछताछ किया तो उन्होंने खुले मन से जवाब देते हुए कहा है कि आज की राजनीति और राजनीति करने वालों की वाणी सुनकर बहुत दुखी होता हूं कि यह हमारे देश के नेता है जिसे हमारे देश की भोली भाली जनता वोट देकर संसद मैं अपनी समस्या सुलझाने के लिए भेजती है जो वहां पर जाने के बाद लोकसभा के अलावा बड़ी-बड़ी सभाओं में एक दूसरे पार्टी के नेताओं की पर्सनल लाइफ की बखिया उधेड़ ने में लगे रहते हैं मगर जो गांव देश शहर में विकास हो रहा है जो लोग देख रहे हैं मान रहे हैं उन्हें बताने की भी जरूरत है विकास की बात कम करते हैं मगर एक दूसरे की बखिया करने की बात ज्यादा करते हैं यह बहुत बड़ी ही दुख की बात है श्री मिश्रा ने यह भी कहा है कि गौरव पूर्वक सोचे और जांच करें कि पिछले ५ वर्षों में मोदी सरकार के चलते हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई सभी का विकास हुआ है कि नहीं मगर मैं दावे के साथ कहता हूं कि सबसे ज्यादा विकास मुस्लिम समुदाय वर्ग के लोगों का हुआ है जैसे पढ़ाई शिक्षा का क्षेत्र रोजगार में अपने आप की उन्नति की है और पहले सबसे ज्यादा मुस्लिम व्यक्ति का नाम क्राइम करने में आता था मगर सर्वे में क्राइम रिपोर्ट में गिरावट आई है यह मैं तो दावा कर रहा हूं मगर बड़े-बड़े मुस्लिम समाज के अलावा फिल्म जगत उद्योगपति व्यापारियों के शिक्षित समाज के बीच यह एक चर्चा का विषय बना है जो बड़ी तेजी के साथ चर्चा हो रही है पिछले ५ वर्षों की मुस्लिम समुदाय की मिसाल है वरिष्ठ समाजसेवक व वैष्णो देवी कोऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के संस्थापक अध्यक्ष प्रवीण खड़ताले ने कहा है कि मोदी सरकार की विदेशी नीति और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब एक ऐतिहासिक जवाब है जिसे भारत देश और भारतवासियों का सर ऊंचा हुआ है मैं आपके अखबार के माध्यम से देश की जनता को आग्रह करना चाहता हूं कि अगर अपने भारत देश को विश्व का नेतृत्व कराना है तो नरेंद्र मोदी द्वारा खड़ा किए गए उनके गठबंधन के उम्मीदवार को जीता कर लोकसभा में भेजो जब पत्रकार डॉक्टर निर्मल त्रिवेदी से पूछताछ किया तो उन्होंने कहा कि पिछले ५ वर्षों से जिस प्रकार हर समाज के अलावा हिंदुत्व का भी प्रचार-प्रसार और विकास हुआ है अब विश्वास हो गया है कि इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही होंगे और उनके ही द्वारा कश्मीर का मुद्दा सुलझेगा और अयोध्या में श्री राम मंदिर बनेगा जब पत्रकारों ने वरिष्ठ समाज सेवक योगेंद्र चौहान से पूछताछ किया तो उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी होंगे उसके बाद जितने नेताओं ने ७० वर्षों से काला धन जमा करके रखा है सब काला धन जप्त होगा और लालू प्रसाद यादव की तरह जेल जाएंगे रही बात राहुल जी की तो और उनकी मम्मी की तो जामिन पर है कभी भी जेल जा सकते हैं मगर देश के प्रधानमंत्री कभी नहीं बन सकते.




*मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी* Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com